2215

श्री अवधेश सिंह, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/3410 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर से लालगंज तिरहुत बांध जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं जिसके कारण हाजीपुर शहर में गंडक का पानी प्रवेश कर जाता है; 2. क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के हाजीपुर के चाँदी एवं हरौली से निकलने वाली मलमला चैनल जो बिलट चौक तक जाती है जिससे कई प्रखंडो का पटवन एवं जल निकासी होता हैं, 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वैशाली जिला के हाजीपुर से लालगंज तिरहुत बांध एवं चाँदी तथा हरौली से निकलने वाली नहर को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	• वस्तुस्थिति यह है कि गंडक नदी के बाएं तट पर तिरहुत तटबंध अवस्थित है, जिसकी कुल लम्बाई 83.40 कि.मी. है। वैशाली जिला अंतर्गत हाजीपुर से लालगंज के बीच उक्त बाँध कि लम्बाई 26.54 कि.मी. है। कालांतर में तटबंध का स्लोप अपने रूपांकित स्वरूप में नहीं रह गया है तथा कतिपय स्थलों पर तटबंध निर्धारित डिज़ाइन सेक्शन के अनुरूप नहीं है परन्तु प्रश्नगत प्रभाग से गंडक नदी का पानी हाजीपुर शहर मे कभी प्रवेश नहीं किया है। तिरहुत तटबंध (कि.मी. 0.00 से कि.मी. 83.40 तक) के रिसेक्सनिंग एवं तटबंध शीर्ष पर ब्रीक सोलिंग कार्य हेतु विस्तृत योजना प्रतिवेदन गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, पटना को समर्पित है, जिसकी स्वीकृति के पश्चात् कार्यान्वयन कराया जायेगा। • वैशाली जिला अंतर्गत हाजीपुर के चांदी एवं हरौली से निकलने वाली मलमला चैनल बिदुपुर एवं देसरी प्रखंड होते हुए ग्राम मेधौल के निकट घाघरा ट्रंक चैनल मे मिल जाती है, जिसकी कुल लम्बाई 37.85 कि.मी. है। यह एक जल निकासी चैनल है। मलमला चैनल के जीर्णोद्धार हेतु पंचायतवार प्रस्ताव वी०बी०-जी०राम०-जी० (मनरेगा) से कराये जाने हेतु जिला कार्यक्रम पदधिकारी को उपलब्ध कराई गयी है। मलमला चैनल के कतिपय प्रभाग मे हुए अतिक्रमण को हटाने हेतु अतिक्रमणकारियों की सूची जिला प्रशासन को उपलब्ध कराई गयी है एवं जिला प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त करने की कार्रवाई की जायेगी।

P.T.O

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–143 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 3410 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–143 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–143 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(मो0)–05–143 / 2026– 1367 पटना, दिनांक–23/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
20.3.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo